# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,

खण्ड कार्यालय उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण), सोनभद्र–231216

**E-Mail Id-**eecdjnsonebhadra@gmail.com ***CUG Mobile No.-*** +91 9473941817

पत्रांक 910 / W-16 / 90 दिनांक– 19-05-2026

सेवा में,

जिलाधिकारी,
सोनभद्र।

विषयः– **दैनिक समाचार पत्र दैनिक भास्कर में दिनांक 18 मई 2026 को प्रकाशित शीर्षक ''नेमना गांव में ग्रामीणों को फूट गुस्साः जल जीवन मिषन से वंचित होने पर प्रदर्शन, 20 घर प्रभावित'' की आख्या प्रेषण के सम्बन्ध में।**

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक दैनिक समाचार पत्र दैनिक भास्कर में दिनांक 18 मई 2026 को प्रकाशित शीर्षक **''नेमना गांव में ग्रामीणों को फूट गुस्साः जल जीवन मिषन से वंचित होने पर प्रदर्शन, 20 घर प्रभावित''** के सम्बन्ध में आख्या निम्नानुसार है–

उक्त के संदर्भ में सादर अवगत कराना है कि जनपद सोनभद्र के विकास खण्ड म्योपुर, बभनी एवं दुद्धी में जल जीवन मिशन ''हर घर जल'' योजनान्तर्गत झीलो बीजपुर ग्राम सूमह पाइप पेयजल योजना का निर्माण कार्य मेंसर्स जी0वी0पी0आर0 लि0 द्वारा कराया जा रहा है। योजना में सम्मिलित विकास खण्ड म्योरपुर के ग्राम नेमना की बस्ती टाटीपाथर ऊँचाई पर होने के कारण योजना से आच्छादित किया जाना सम्भव नही हो पा रहा है। उक्त बस्ती में पेयजल पहुंचाने हेतु शासन स्तर से जनपद में छुट बस्तियों/ग्रामों की सूची मांगी गयी है, जिसका प्रस्ताव एवं मार्ग दर्शन हेतु शासन को प्रेषित कर दिया गया है। शासन स्तर से प्रेषित प्रस्ताव पर मार्ग दर्शन प्राप्त होने पर कार्य कराकर जलापूर्ति की जायेगी।

जनपद सोनभद्र में पेयजल संकट के निवारण हेतु जिला पंचायत राज अधिकारी एवं विकास खण्ड स्तर पर वार्ता कर पेयजल संकट ग्रस्त ग्रामो में टैंकर के माध्यम से पेयजलापूर्ति किये जाने हेतु योजना तैयार की गयी है। गर्मी के दिनों में पेयजल से सम्बन्धित शिकायतों के निस्तारण हेतु खण्ड स्तर पर कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जिसमें मो0नं0– 9555407375 व 6392808813 पर शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। कृपया उक्त प्रकरण को निक्षेपित कराने की कृपा करें।

सादर सूचनार्थ प्रेषित।

संलग्नकः– फोटोग्राफ्स

भवदीय,
(अनिल कुमार)
अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।

**प्रतिलिपिः**– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
2. मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
3. अपर जिलाधिकारी, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति, सोनभद्र।
4. जिला पंचायत राज अधिकारी, सोनभद्र।
5. सम्बन्धित सहायक अभियन्ता/जूनियर इंजीनियर।
6. सम्बन्धित परियोजना प्रबन्धक, जल जीवन मिशन, सोनभद्र।

अधिशासी अभियन्ता

# नेमना गांव में ग्रामीणों का फूटा गुस्सा: जल जीवन मिशन से वंचित होने पर प्रदर्शन, 20 घर प्रभावित

राम जियावन गुप्ता |
बीजपुर, सोनभद्र
17 घंटे पहले



फीडबैक

दैनिक भास्कर को Google पर पसंदीदा सोर्स बनाएं →
+Follow us

सोमवार को नेमना गांव के टाटीपाथर टोले में ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। कार्यदायी संस्था जीपीबीआर प्राइवेट लिमिटेड पर स्वच्छ पेयजल आपूर्ति में अनदेखी का आरोप है।

ग्रामीणों के अनुसार, रेणुकोट-बीजपुर मुख्य सड़क मार्ग से मात्र 500 मीटर दूर स्थित 20 घरों की हरिजन बस्ती को भारत सरकार की महत्वाकांक्षी 'हर घर नल जल' योजना के लाभ से वंचित कर दिया गया है। प्रदर्शन में असर्फी लाल, रबिचन्द, मोहन प्यारे, महेंद्र, अरबिंद, लोलेराम, बीरबल, बबलू, उषा देवी, बटुली, मीना, रेखा सहित दो दर्जन से अधिक ग्रामीण शामिल थे।

प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि कार्यदायी संस्था की लापरवाही के कारण टोले का नाम ही योजना से हटा दिया गया, जिससे यहां की एक बड़ी आबादी स्वच्छ पेयजल से वंचित रह गई। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि ग्राम प्रधान के निजी स्वार्थ के चलते टोले के लोग स्थानीय स्तर पर तुच्छ वोट की राजनीति का शिकार हो गए।







ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने पहले भी संबंधित अधिकारियों से इसकी शिकायत की थी। उस समय ग्राम प्रधान द्वारा पाइपलाइन बिछाने का झूठा आश्वासन दिया गया था, लेकिन अंततः टोले को योजना से बाहर कर दिया गया।

इस भीषण गर्मी में दूर-दराज के नालों में चुआड़ खोदकर दूषित पानी पीने को मजबूर लोगों का धैर्य जवाब दे गया। सड़क पर उतरे महिला, पुरुष, बच्चे और बुजुर्गों ने "नमामि गंगे मुर्दाबाद" और "ग्राम प्रधान मुर्दाबाद" के नारे